# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th
Subject : हिंदी
Chapter : बाल महाभारत
Chapter Name : बाल महाभारत

Q1 गंगा ने शांतनु से कहा-"राजन! क्या आप अपना वचन भूल गए?" तुम्हारे विचार से शांतनु ने गंगा को क्या वचन दिया होगा?

Answer.

हमारे विचार से राजा शांतनु ने गंगा को यह वचन दिया होगा कि वह गंगा के किसी भी कार्य में सवाल नहीं उठाएंगे और जो गंगा कर रही है उसे करने देंगे और अगर उन्होंने गंगा के किसी भी कार्य पर सवाल उठाया तो वह उन्हें छोड़कर चली जाएंगी।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com

Q2 महाभारत के समय में राजा के बड़े पुत्र को अगला राजा बनाने की परंपरा थी। इस परंपरा को ध्यान में रखते हुए बताओ कि तुम्हारे अनुसार किसे राजा बनाया जाना चाहिए था-युधिष्ठिर या दुर्योधन को? अपने उत्तर का कारण बताओ।

Answer.

महाभारत के समय में राजा के बड़े पुत्र को अगला राजा बनाने की परंपरा थी। इस परंपरा को ध्यान में रखते हुए युधिष्ठिर को राजा बनाना चाहिए था क्योंकि हस्तिनापुर की गद्दी के उत्तराधिकारी पांडू थे और बड़े पुत्र को राज-गद्दी मिलनी चाहिए थी। पांडु की मृत्यु के पश्चात् युधिष्ठिर को राजा बनाना चाहिए था परंतु उसकी आयु कम होने के कारण धृतराष्ट्र को प्रजा की जिम्मेदारी दी गई परंतु युधिष्ठिर के बड़े होने के बाद उसे राजा बनाना ही न्याय और उचित होता।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q3 महाभारत के युद्ध को जीतने के लिए कौरवों और पांडवों ने अनेक प्रयास किए। तुम्हें दोनों के प्रयासों में जो उपयुक्त लगे हों, उनके कुछ उदाहरण दो।

Answer.

महाभारत के युद्ध को जीतने के लिए कौरवों के द्वारा किए गए प्रयास:-

•युद्ध में पितामह भीष्म तथा गुरु द्रोणाचार्य को सेना का नेतृत्व सौंपना।
•कृष्ण से सहायता माँगना।
•अर्जुन को दूर भेजना
•चक्रव्यूह की रचना करना
महाभारत के युद्ध को जीतने के लिए पांडवों के द्वारा किए गए प्रयास:-
•कृष्ण का साथ मांगना।
•अभिमन्यु का चक्रव्यूह तोड़ना।
•कर्ण,का वध।
•कौरव पक्ष के लोगों की सहानुभूति पा लेना।
•भीष्म,द्रोण से युद्ध की आज्ञा लेना।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q4 तुम्हारे विचार से महाभारत के युद्ध को कौन रूकवा सकता था? कैसे?

Answer.

महाराज धृतराष्ट्र अपने पुत्रों- कौरवों को आज्ञा देकर युद्ध को रोक सकते थे।महाभारत के युद्ध को पितामह भीष्म और आचार्य द्रोण रुकवा सकते थे, वज्ह जानते थे कौरव गलत है और यदि वह अन्याय का समर्थन नहीं करते तो कौरव कमजोर पड़ जाते है और युद्ध नहीं होता।

aglasem.com

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q5 इस पुस्तक में से कोई पाँच मुहावरे चुनकर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।

Answer.

•नाक में दम करना- बच्चों ने अध्यापिका की नाक में दम कर रखा है।
•दंग रहना- राकेश के परीक्षा में इतने अच्छे अंक आए कि सब दंग रह गए।
•काम तमाम करना- राम ने रावण का काम तमाम कर दिया।
•जन्म से बैरी- दोनों भाई ऐसे लड़ते हैं मानो जन्म से बैरी हो।
•खलबली मच जाना- अध्यापिका के ना होने पर बच्चों ने कक्षा में खलबली मचा दी।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q6 महाभारत में एक ही व्यक्ति के एक से अधिक नाम दिए गए हैं। बताओ, नीचे लिखे हुए नाम किसके हैं?

Answer.

(1) पृथा - कुंती
(2) राधेय - कर्ण
(3) वासुदेव - श्री कृष्ण
(4) गांगेय - गंगा पुत्र 'भीष्म'
(5) सैरंध्री - द्रोपदी
(6) कंक – युधिष्ठर

Page :97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q7 इस पुस्तक में भरतवंश की वंशावली दी गई है। तुम भी अपने परिवार की ऐसी ही एक वंशावली तैयार करो। इस कार्य के लिए तुम अपने बड़े लोगों से मदद ले सकते हो।

Answer.

दादा

| | |
|---|---|
| 1 पिता | 2 चाचा |
| *पुत्र | *पुत्र |
| *पुत्री | *पुत्री |

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q8 तुम्हारे अनुसार महाभारत कथा में किस पात्र के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ और क्यों?

Answer.

महाभारत कथा में सबसे अधिक अन्याय द्रोपदी के साथ हुआ। युद्ध कौरवों और पांडवों के बीच हुआ परंतु भरी राजसभा में उसका अपमान हुआ और अपने पांचो पांडव पतियों के साथ वनवास जाना पड़ा और रानी होते हुए भी एक दासी का जीवन व्यतीत करना पड़ा और साथ ही अपने पुत्रों से भी हाथ धोना पड़ा।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q9 महाभारत के युद्ध में किसकी जीत हुई? (याद रखो कि इस युद्ध में दोनों पक्षों के लाखों लोग मारे गए थे।)

aglasem.com

Answer.

महाभारत के युद्ध में नुकसान दोनों पक्षों का हुआ था, असंख्य लोगों की मृत्यु हुई थी परंतु जीत पांडवों की हुई क्योंकि पांचो पांडव जीवित बच गए जबकि कौरव पुत्रों की मृत्यु हो गई। पांडवों को कौरवों के मुकाबले कम क्षति हुई।

Page :97 , Block Name :प्रश्न-अभ्यास

Q10 तुम्हारे विचार से महाभारत की कथा में सबसे अधिक वीर कौन था/थी? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

Answer.

महाभारत में एक से बढ़कर एक वीर थे। सबसे अधिक वीर अर्जुन को माना जा सकता है। सब उनकी वीरता की प्रशंसा करते थे। यहां तक की कृष्ण अर्जुन के सारथी भी बने थे, इससे उनकी वीरता का अनुमान लगाया जा सकता है।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q11 यदि तुम युधिष्ठिर की जगह होते, तो यक्ष के प्रश्नों के क्या उत्तर देते?

Answer.

यदि में युधिष्ठिर की जगह होता तो यक्ष के सभी प्रश्नों का उत्तर ध्यानपूर्वक और समझदारी से देता जैसे युधिष्ठिर ने दिए और इसके परिणाम स्वरूप यक्ष मेरे भाइयों को जीवित कर देते और मुझे वरदान भी देते।

Page : 97 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q12 महाभारत के कुछ पात्रों द्वारा कही गई बातें नीचे दी गई हैं। इन बातों को पढ़कर उन पात्रों के बारे में तुम्हारे मन में क्या विचार आते हैं-
(क) शांतनु ने केवटराज से कहा- "जो माँगोगे दूँगा, यदि वह मेरे लिए अनुचित न हो।"
(ख) दुर्योधन ने कहा- "अगर बराबरी की बात है, तो मैं आज ही कर्ण को अंगदेश का राजा बनाता हूँ।"
(ग) धृतराष्ट्र ने दुर्योधन से कहा-"बेटा, मैं तूम्हारी भलाई के लिए कहता हूँ कि पाँडवों से वैर न करो। वैर दुख और मृत्यु का कारण होता है।"
(घ) द्रोपदी ने सारथी प्रातिकामी से कहा-"रथवान! जाकर उन हारने वाले जुए के खिलाड़ी से पूछो कि पहले वह अपने को हारे थे या मुझे?"

aglasem.com

Answer.

(क) राजा शांतनु सत्यवती से प्रेम करते थे परंतु वह अपनी सुख-सुविधा के लिए कोई गलत काम नहीं करना चाहते थे। इससे उनके ईमानदार होने का तथा राज धर्म के प्रति निष्ठा का भाव छलकता है।
(ख) दुर्योधन कि इस कथन से पांडवों के प्रति उसकी ईर्ष्या छलकती है तथा कर्ण के प्रति सहानुभूति।
(ग) धृतराष्ट्र को पांडवों के प्रति स्नेह था और वे दूरदर्शी भी थे। वह पुत्र के सामने एक विवश पिता थे। वह अपने पुत्र को गलत करने से रोकने के लिए आगाह करते हैं परंतु वह विफल हो जाते हैं।
(घ) यहां द्रोपदी के मन में पांडवों के प्रति आक्रोश की भावना है।

Page : 98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q13 युधिष्ठिर ने आचार्य द्रोण से कहा-"अश्वत्थामा मारा गया, मनुष्य नहीं, हाथी।" युधिष्ठिर सच बोलने के लिए प्रसिद्ध थे। तुम्हारे विचार से उन्होंने द्रोण से सच कहा था या झूठ? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

Answer.

युधिष्ठिर ने आधा अधूरा सच बोला था। उन्होंने यह जानबूझकर किया क्योंकि वे जानते थे कि यह सुनकर द्रोण भावनाओं में बह जाएंगे क्योंकि अश्वत्थामा उनका पुत्र था और पुत्र की मृत्यु के दुख में उन्हें मारना सरल होगा क्योंकि वह पहले ही पुत्र वियोग में पहले ही कमजोर होंगे। और युधिष्ठिर की यह योजना सफल भी हुई।

Page : 98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q14 महाभारत के युद्ध में दोनों पक्षों को बहुत हानि पहुँची। इस युद्ध को ध्यान में रखते हुए युद्धों के कारणों और परिणामों के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखो। शुरूआत हम कर देते हैं -
(1) युद्ध में दोनों पक्षों के असंख्य सैनिक मारे जाते हैं।
(2) ............................................
(3) ............................................
(4) ............................................
(5) ............................................
(6) ............................................

Answer.

1) युद्ध में दोनों पक्षों के असंख्य सैनिक मारे जाते हैं।
(2) युद्ध में संम्पत्ति की हानि होती है|
(3) युद्ध में वातावरण अशांत हो जाता है।

aglasem.com

(4) युद्ध से देश की प्रगति व विकास रुक जाता है है।
(5) युद्ध के कारण कई लोग बेसहारा हो जाते हैं।
(6) युद्ध के कारण प्रकृति का भी विनाश होता है।

Page : 98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q15 मान लो तुम भीष्म पितामह हो। अब महाभारत की कहानी अपने शब्दों में लिखो। जो घटनाएँ तुम्हें ज़रूरी न लगें, उन्हें तुम छोड़ सकते हो।

Answer.

छात्र स्वयं करें।

Page : 98 , Block Name :प्रश्न-अभ्यास

Q16 (क) द्रोपदी के पास एक 'अक्षयपात्र' था, जिसका भोजन समाप्त नहीं होता था। अगर तुम्हारे पास ऐसा ही एक पात्र हो, तो तुम क्या करोगे?
(ख) यदि ऐसा कोई पात्र तुम्हारे स्थान पर तुम्हारे मित्र के पास हो, तो तुम क्या करोगे?

Answer.

(क)यदि हमारे पास कोई ऐसा पात्र हो तो हमें उन्हें भोजन उपलब्ध करवाना चाहिए जिन्हें पर्याप्त भोजन न मिलता हो|
(ख)अपने मित्र से भी इसी प्रकार गरीबों की सहायता करने के लिए कहेंगे ।

aglasem.com

Page : 98 Block name:-प्रश्न-अभ्यास

Q17 नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो। सोचकर लिखो कि जिन शब्दों के नीचे रेखा खींची गई है, उनके अर्थ क्या हो सकते हैं?
(क) गंगा के चले जाने से शांतनु का मन विरक्त हो गया।
(ख) द्रोणाचार्य ने द्रुपद से कहा-"जब तुम राजा बन गए, तो ऐश्वर्य के मद में आकर तुम मुझे भूल गए।"
(ग) दुर्योधन ने धृतराष्ट्र से कहा-"पिता जी, पुरवासी तरह-तरह की बातें करते हैं।"
(घ) स्वयंवर मंडप में एक वृहदाकार धनुष रखा हुआ है।
(ङ) चौसर का खेल कोई हमने तो ईजाद किया नहीं।

Answer.

(क)विरक्त – ऊब जाना
(ख) मद – नशा, अहंकार
(ग)पुरवासी – नगरवासी
(घ) वृहदाकार – बड़े आकार का
(ङ)ईजाद – खोज (आविष्कार)

Page : 98 Block name:- प्रश्न-अभ्यास

Q18 लाख के भवन से बचने के लिए विदुर ने युधिष्ठर को सांकेतिक भाषा में सीख दी थी। आजकल गुप्त भाषा का इस्तेमाल कहाँ-कहाँ होता होगा? तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपनी गुप्त भाषा बना सकते हो। इस भाषा को केवल वही समझ सकेगा, जिसे तुम यह भाषा सिखाओगे। ऐसी ही एक भाषा बनाकर अपने दोस्त को एक संदेश लिखो।

Answer.

सेना एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी गुप्त भाषा का प्रयोग करते हैं तथा खेल में खिलाड़ी एक दूसरे से बात करने के लिए भी गुप्त भाषा का प्रयोग करते हैं। बाकी प्रश्न का उत्तर छात्र स्वयं करें।

Page :98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q19 महाभारत कथा में तुम्हें जो कोई प्रसंग बहुत अच्छा लगा हो, उसके बारे में लिखो। यह भी बताओ कि वह प्रसंग तुम्हें अच्छा क्यों लगा?

Answer.

महाभारत में मुझे कर्ण के कुंडल व कवच दान करने वाला प्रसंग सबसे अच्छा लगा|इस प्रसंग से हमे यह जानने को मिला की दान का महत्व क्या होता है तथा कर्ण ने यह जानते हुए भी की कुंडल व कवच दान में देवराज को देना उसी की हानि का कारण बनेगा वह दान करने से चूंके नही|कर्ण सच में “दानवीर” थे|

Page : 98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

Q20 तुमने पुस्तक में पढ़ा कि महाभारत कथा कंठस्थ करके सुनाई जाती रही है। कंठस्थ कराने की क्रिया उस समय इतनी महत्वपूर्ण क्यों रही होगी? तुम्हारी समझ से आज के ज़माने में कंठस्थ करने की आदत कितनी उचित है?

Answer.

aglasem.com

उस समय में प्रिंटिंग प्रेस नहीं हुआ करती थी इस कारण महाभारत कंठस्थ करके सुनाई जाती थी। उस समय का यह एकमात्र सरल साधन था। आज के तकनीकी युग में कंठस्थ करने की आवश्यकता होती नहीं है परंतु समय पर कंठस्थ विद्या ही काम आती है।

Page :98 , Block Name : प्रश्न-अभ्यास

aglasem.com